भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **316**
मंगलवार, 15 सितम्बर, 2020/24 भाद्रपद, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

मराठवाड़ा क्षेत्र के स्थलों का धार्मिक पर्यटन सर्किट में शामिल किया जाना

316 डा. भागवत कराड़:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने कर कृपा करेंग कि:

(क) क्या सरकार की देश में धार्मिक स्थलों को पर्यटन सर्किट से जोड़ करके उन धार्मिक स्थलों की विकास की कोई कार्य योजना है;

(ख) क्या सरकार महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के स्थलों को इस सर्किट में शामिल करने की योजना बना रही है, यदि हां तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग) : पर्यटक स्थलों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' तथा 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन' नामक योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। विकास हेतु इन परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर इन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र के लिए निम्नलिखित परियोजनाओं को स्वीकृति दी है :

(राशि करोड रुपए में)

क्र. सं.	**वर्ष**	**योजना**	**परिपथ का नाम**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
1.	2015-16	स्वदेश दर्शन	तटवर्ती परिपथ	सिंधुदुर्ग तटवर्ती परिपथ (शिरोड़ा बीच, सागरेश्वर, तरकार्ली, विजयदुर्ग (बीच एंड क्रिक), देवगढ़ (फोर्ट एंड बीच), मित्भाव, टोंडावली, मोसेहमद और निवाती फोर्ट) का विकास	82.17	16.43
2.	2018-19	स्वदेश दर्शन	आध्यात्मिक परिपथ	वाकी- अदासा- ढापेवाडा- पारडसिंगा- छोटा ताजबाग- तेलखंडी- गिराड का विकास	54.01	12.00
3.	2017-18	प्रसाद		त्रंबकेश्वर का विकास	37.81	8.49

****